तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 19 सितंबर 2026

12 मोदी के जन्मदिवस पर लाखों दीपों से जगमगाया ...



11 आशीर्वाद के दीये से नगर व अंचल जगमगाया





आतिशबाजी के साथ निकाली भगवान विश्वकर्मा की विसर्जन शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

नगर के प्राचीन श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण से बाजे गाजे व आतिशबाजी के साथ भगवान श्री विश्वकर्मा के विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। जय स्तंभ चौक के समीप शोभायात्रा का नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने भगवान श्री विश्वकर्मा के प्रतिमा को श्रीफल अर्पित किया। शोभायात्रा में राजमिस्त्री ठेकेदार संघ के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विसर्जन शोभायात्रा के पश्चात श्री सिदेश्वर शिव मंदिर प्रांगण में भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया । जंहां राजमिस्त्री संघ के सदस्यों ने अपनी सहभागिता निभाई।



भगवान विश्वकर्मा जयंती पर नगर पंचायत में हुई पूजा-अर्चना

खरोरा। भगवान विश्वकर्मा जयंती पर नगर पंचायत परिसर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा एवं आरती कर नगर की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई।
कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमीत सेन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमप्रकाश सिंह, पार्षद राकेश देवांगन, इंजीनियर राकेश सोनी सहित कर्मचारी नरेश देवांगन, कृष्ण भट्ट, सरजू वर्मा, गोलू पारधी, रियाज खान, लखन यादव एवं यशवंत वर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष सुमीत सेन ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को निर्माण, शिल्प, कला एवं वास्तुकला का देवता माना जाता है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती पर उनके आदर्शों और सृजनात्मकता को स्मरण करते हुए सभी को अपने कार्य के प्रति निष्ठा एवं समर्पण का संकल्प लेना चाहिए।



खबर संक्षेप

मुंडा में परगियाकुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक कल

मुंडा। ग्राम मुंडा के मेन रोड बाजार चौक स्थित सामाजिक भवन में रविवार सुबह 10 बजे छत्तीसगढ़ परगियाकुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज की सामाजिक बैठक होगी। समाज के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि बैठक में सामाजिक अधिवेशन में हुए खर्च का हिसाब प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अलावा प्राप्त आवेदनों पर विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

धाराशिव के छत्रपाल ने पास की नेट परीक्षा

बलौदाबाजार। ग्राम धाराशिव के प्रतिभावान युवा छत्रपाल सिंह राठी ने अंग्रेजी विषय में नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर शैक्षणिक क्षेत्र में



उपलब्धि हासिल की है। उनकी सफलता से परिवार सहित गांव में हर्ष का माहौल है।
छत्रपाल ने कठिन परिश्रम, धैर्य और निरंतर अध्ययन के दम पर यह सफलता प्राप्त की। आर्थिक परिस्थितियां अनुकूल नहीं होने के बावजूद उन्होंने स्व-अध्ययन को आधार बनाकर परीक्षा की तैयारी जारी रखी।नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद छत्रपाल अंग्रेजी विषय में सहायक प्राध्यापक पद के लिए पात्र हो गए हैं।

सुशील शर्मा असम नागांव लोकसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस पर्यवेक्षक बने

भाटापारा। अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के महासचिव और असम कांग्रेस के प्रभारी महासचिव भूपेश बघेल ने असम में होने वाले नागांव लोकसभा के उप चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाये गए हैं।
सुशील शर्मा इसके पूर्व अनेक प्रमुख राज्यों जिसमें उत्तरप्रदेश,



हिमांचल प्रदेश, गुजरात, असम, पंजाब के विधानसभा चुनाव में प्रवेक्षक के रूप में अपनी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। सुशील शर्मा ने पर्वेक्षक नियुक्त किये जाने पर राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल, पूर्व राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा, राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग गिरीश देवांगन का आभार व्यक्त करते हुये कहा की असम प्रदेश के उपचुनाव में पूरी सक्रियता के साथ दिये गये निर्देशों के अनुरूप कार्य कर कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे।

दानवीर भामाशाह सम्मान के लिए प्रविष्टियां 24 तक आमंत्रित

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष दानशीलता, सौहार्द एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ट व्यक्ति अथवा संस्था को दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया जाता है। वर्ष 2026 के लिए दानवीर भामाशाह सम्मान हेतु जिले के पात्र एवं इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्था से 24 सितंबर तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। सम्मान हेतु व्यक्ति अथवा संस्थाएं जिन्होंने समाजहित एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय दान, सहयोग अथवा अनुकरणीय सहायता प्रदान की है वे अपनी प्रविष्टि निर्धारित अवधि में प्रस्तुत कर सकते हैं।

छात्रों के साथ अमर्यादित व्यवहार करने वाले व्याख्याता पर होगी निलंबन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

स्वामी आत्मानंद पंडित चक्रपाणी शुक्ल उत्कृष्ट विद्यालय बलौदाबाजार में पदस्थ व्याख्याता नरेश तिवारी के द्वारा शाला में शराब सेवन कर आने एवं अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार पर जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान में लेते हुए निलंबन की कार्यवाही हेतु अनुशंसा की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्था में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा व्याख्याता नरेश तिवारी द्वारा 16 एवं 17 सितम्बर को शराब सेवन करने एवं छात्रों के साथ गाली गलौच करने की शिकायत प्राचार्य से की गई। उक्त शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से उक्त संदर्भ में समक्ष में चर्चा की और संबंधित व्याख्याता के उपस्थित होने पर उनका शराब सेवन किया जाना प्रतीत होने पर तत्काल तहसीलदार बलौदाबाजार द्वारा 17 सितंबर को शराब सेवन की पुष्टि हेतु डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया, जिसमें नरेश तिवारी व्याख्याता का 17 सितम्बर को शाला में शराब सेवन कर आना प्रमाणित पाया गया है। व्याख्याता नरेश तिवारी का शाला में शराब सेवन कर आना एवं अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से गाली-गलौज किया जाना कर्तव्य में घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है, जो सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के निहित नियमों के विपरीत पाया गया। व्याख्याता नरेश तिवारी के उक्त कृत्य के कारण उनके विरुध्द निलंबन का प्रस्ताव जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा डीपीआई रायपुर को प्रेषित किया गया है।

स्टेशन में दोनों ओर से आने वाली ट्रेनों में हुई चेकिंग

भाटापारा में 14 ट्रेनों में हुई चेकिंग, 316 मामलों में ढाई लाख रुपए वसूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव के निर्देश पर भाटापारा रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान 17 सितंबर को चलाया गया। इसमें भाटापारा

- 202 बेटिकट यात्री पकडे गए

स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, 14 ट्रेनों में कि ला बं दी टिकट चेकिंग अभियान में 316 मामलों को दर्ज कर 2,49,275 रुपए राजस्व प्राप्त किया गया। किलाबंदी टिकट चेकिंग में बिना टिकट यात्रा करने वाले 202 यात्री पकड़े गए, जिससे 1,89,800/- राजस्व प्राप्त हुआ। अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 71 यात्रियों से 50775 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ, अधिक लगेज लेकर यात्रा करने वाले 41 यात्रियों से 4700 रूपये, 2 अनाधिकृत वेंडर से 4000 रुपए राजस्व प्राप्त हुआ। इस टिकट चेकिंग का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को टिकट लेने के प्रति जागरूक करना था। इस टिकट चेकिंग अभियान में सहायक वाणिज्य प्रबंधक अविनाश कुमार आनंद वाणिज्य निरीक्षक 02 एवं 25 टिकट चेकिंग स्टाफ, 4 आरपीएफ स्टाफ शामिल रहे। रेल प्रशासन यात्रियों को आगाह करता है कि वे यात्रा हेतु उचित टिकट एवं रेल परिसर मे प्रवेश करने के पहले प्लेटफॉर्म टिकट अवश्य खरीदें। रेलगाड़ी एवं रेल परिसर को साफ सुथरा रखने में भी रेल प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।



शीतला माई मंदिर की दानपेटी चोरी का खुलासा, विधि से संघर्षरत बालक पकड़ा गया

बलौदाबाजार। शहर के शीतला माई मंदिर में दानपेटी तोड़कर चोरी करने के मामले का सिटी कोतवाली पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने खुलासा किया। पुलिस ने मामले में एक विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा है। उसके कब्जे से चोरी की रकम में से 3 हजार नकद बरामद किए गए हैं। चोरी की गई स्टील की दानपेटी भी लावारिस हालत में बरामद कर ली गई है। मामले में संलिप्त अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

- दानपेटी लावारिस हालत में बरामद, बालक के कब्जे से 3 हजार रुपए नकद जब्त

पुलिस के अनुसार संजय कॉलोनी निवासी घनश्याम साहू शीतला माई मंदिर समिति के अध्यक्ष हैं। उन्होंने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 सितंबर की रात करीब 10.30 बजे पूजा-अर्चना के बाद मंदिर बंद किया गया था। अगले दिन सुबह करीब 7 बजे मंदिर खोलने पर मुख्य दरवाजे और चैनल गेट का ताला-कुंडी टूटी मिली। मंदिर के भीतर रखी स्टील की दानपेटी भी गायब थी। दानपेटी में करीब 50 हजार दान की राशि होने की जानकारी दी गई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना सिटी कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के क्षेत्र में पूछताछ एवं जांच शुरू ⏭ शेष पेज 10 पर

सर्व आदिवासी दिवस पर समाज ने निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

ग्राम दतान (ख) में सर्व आदिवासी दिवस पर नीम चौक में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के आदिवासी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। आयोजन की शुरुआत कलश यात्रा से हुई। इसके बाद स्वागत समारोह, उद्घाटन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। पारंपरिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में उत्साह का माहौल बनाया।

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुकमा हरीश कवासी लखमा ने कहा कि बस्तर और सरगुजा के जंगलों को उजाड़कर आदिवासियों को उनकी जमीन से बेदखल किया जा रहा है। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए समाज से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने सरकार पर विकास कार्यों की घोषणाएं कागजों तक सीमित रहने का आरोप भी लगाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व आदिवासी समाज के ज्ञानसिंह पैकरा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व ⏭ शेष पेज 10 पर

सात गुमटियों पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

अग्रसेन चौक के सामने करोड़ों रुपये की बेशकीमती जमीन पर कथित अतिक्रमण को लेकर तीन दिन पहले प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन की कार्रवाई का मामला अब सवालों के घेरे में आ गया है। शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर पहुंचा, लेकिन कार्रवाई कोहका रोड के उस स्थान पर हुई जहां छोटी-छोटी गुमटियां और ठेले लगाकर लोग अपना रोजगार चला रहे थे। प्रशासन ने करीब 7 गुमटियों को हटाया। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार बघेल स्वयं मौके पर मौजूद रहे।

दरअसल, अग्रसेन चौक के सामने कथित रूप से रसूखदार लोगों द्वारा करोड़ों रुपये कीमत की जमीन पर छुट्टियों का फायदा उठाकर बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी किए जाने की खबर को प्राथमिकता से प्रकाशित किया गया था। खबर सामने आने के बाद तहसीलदार बघेल छुट्टी के बावजूद अमले के साथ मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने बताया था कि मामले की शिकायत उच्च स्तर पर हुई है और अवैध कब्जे को ⏭ शेष पेज 10 पर



तहसीलदार बोले: बड़े कब्जों पर भी होगी कार्रवाई

मामले को लेकर जब अखबार से जुड़े संवाददाताओं ने तहसीलदार बघेल से पूछा कि गरीबों की गुमटियों पर कार्रवाई पहले क्यों की गई और कथित रसूखदारों के कब्जे पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई, तो उन्होंने कहा कि उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को जिन लोगों को बेदखल किया गया इन लोगों को तीन दिन पहले नोटिस दिया गया था, इसी आधार पर कार्रवाई की गई है। अब सवाल यह है कि प्रशासन द्वारा कथित बड़े कब्जे पर कार्रवाई कब की जाती है। फिलहाल सात गुमटियां हटाए जाने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर निष्पक्षता और समान कार्रवाई के सवाल खड़े हो गए है।

एचआईवी से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



शासकीय डीकेपीजी महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला अस्पताल से पहुंचीं डॉ. प्रीती कौशिक ने विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को एचआईवी संक्रमण के कारणों, बचाव के उपायों और उपचार की जानकारी दी।

डॉ. कौशिक ने बताया कि एचआईवी के प्रति जागरूकता और सही जानकारी संक्रमण से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने एचआईवी से संबंधित भ्रांतियों को दूर करते हुए संक्रमित व्यक्ति के साथ सामान्य एवं सम्मानजनक व्यवहार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एचआईवी से ग्रसित व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को एचआईवी से ग्रसित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव नहीं करने तथा समाज में एचआईवी/एड्स को लेकर जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य धनंजय मिश्र ने की।

पुलिस ने बताए सड़क सुरक्षा के नियम

पुलिस ने दी यातायात नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसेड़ा में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में 300 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सहभागिता की।

पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को दुपहिया वाहन चलाते समय गुणवत्तायुक्त हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीटबेल्ट का उपयोग करने, ओवरस्पीडिंग से बचने तथा यातायात संकेतकों का पालन करने की जानकारी दी। 18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को वाहन नहीं चलाने और स्टंटबाजी तथा तीन सवारी से बचने की समझाइश दी गई।

इस दौरान ट्रैफिक सिग्नल, सड़क संकेतक, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से ई-चालान की प्रक्रिया सहित सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। पुलिस ने दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए संचालित राहवीर (गुड समेरिटन) योजना, पीएम राहत योजना तथा आपातकालीन हेल्पलाइन 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के संबंध में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया।

कार्यक्रम में एएसआई परमानंद गिलहरे, प्रधान आरक्षक भीम साहू, आरक्षक महेश भारती, विजय मिलन एवं रवि सिदार उपस्थित रहे।

शहर की विभिन्न मांगों को लेकर रानी जैन ने मंत्री टंकराम से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

शहर के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की शहर अध्यक्ष एवं वार्ड 21 की पार्षद रानी सौरभ जैन ने मंत्री टंकराम वर्मा से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न आवश्यकताओं और विकास कार्यों को लेकर मंत्री के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की।

मुलाकात के दौरान सासाहोली हाई स्कूल में बाउंड्रीवॉल निर्माण, वार्ड 21 में प्रस्तावित एवं आवश्यक विकास कार्यों सहित तिल्दा-नेवरा शहर के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषय मंत्री के समक्ष रखे गए। रानी जैन ने क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताओं और नागरिकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा करते हुए उनके निराकरण की दिशा में पहल का आग्रह किया। इसके साथ ही आगामी दिनों में क्षेत्र में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों तथा जनहित से जुड़े विषयों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। सासाहोली हाई स्कूल के नाम परिवर्तन से संबंधित विषय को भी रानी जैन ने मंत्री के समक्ष रखा और इस संबंध में आवश्यक पहल की मांग की।रानी जैन ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनभावनाओं से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाना उनकी प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि जनसेवा के कार्यों में मंत्री टंकराम वर्मा का मार्गदर्शन एवं सहयोग क्षेत्र के विकास के लिए सदैव प्रेरणादायी रहा है।मुलाकात के दौरान भाजपा बूथ अध्यक्ष आशीष शर्मा भी उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप



स्लेट-पेंसिल मिलने से बच्चों के चेहरे खिले

पलारी। प्राथमिक विद्यालय गबौद में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्लेट-पेंसिल वितरण विक्रम राय गुरुजी सामाजिक कार्यकर्ता प्रांताध्यक्ष छग. संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ द्वारा किया गया। मौके पर धनसाय घृतलहरे मौजूद थीं। उनके द्वारा विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को स्लेट एवं पेंसिल का वितरण किया गया। अतिथियों ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और नियमित रूप से शाला आने के लिए प्रेरित किया। नई स्लेट-पेंसिल पाकर बच्चों में अपार उत्साह देखा गया। बच्चों ने हाथों में स्लेट लेकर खुशी-खुशी फोटो खिंचवाई। नन्हें-मुन्ने बच्चों के चेहरे नई स्लेट पाकर खिल उठे हैं।

छत्रपाल सिंह ने अंग्रेजी विषय में नेट परीक्षा उत्तीर्ण की

बगबुड़ा। विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम धाराशिव के छत्रपाल सिंह राठी ने मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर अंग्रेजी विषय में नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट उत्तीर्ण की है। सीमित संसाधन, आर्थिक तंगी और अनेक व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक अड़चनों के बावजूद सेल्फ स्टडी से यह मुकाम हासिल किया। छत्रपाल सिंह राठी की सफलता से उनके माता-पिता राजकुमार राठी एवं कौशिल्या बाई राठी सहित समूचे परिवार में हर्ष का माहौल है।



युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन 30 अक्टूबर तक

बलौदाबाजार। राज्य शासन द्वारा प्रदेश के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल तथा अन्य विविध क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें राज्य स्तर पर मान्यता प्रदान करने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना संचालित किया जा रहा है। युवा रत्न सम्मान हेतु पात्र युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों से द से 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष 01 स्वैच्छिक संगठन तथा 14 विभिन्न क्षेत्रों में 01-01 उत्कृष्ट युवा को सम्मानित किये जाने का प्रावधान है। चयनित स्वैच्छिक संगठन को पदक, भाल, प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं सम्मान स्वरूप रूपये 5 लाख की राशि प्रदान की जाती है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान हेतु चयनित युवा को रूपये 2.50 लाख तथा अन्य युवा रत्न सम्मानों हेतु चयनित प्रत्येक युवा कोर 1 लाख की सम्मान राशि के साथ पदक, शाल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाते हैं।

प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने बदली दिव्यांग परस कमार की जिंदगी

पीएम जनमन योजना बनी सहारा: दिव्यांग परस कमार का पक्के घर का सपना हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल



कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम बल्दाकछार के निवासी परस कमार विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय से संबंध रखते हैं। उनका जीवन संघर्ष, अभाव और कठिनाइयों से भरा रहा है। परस कमार पैर से दिव्यांग हैं, जिसके कारण रोजमर्रा के छोटे-छोटे कार्य भी उनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं थे। पीएम जनमन योजना के तहत पक्का घर बन जाने से अब उनके जिंदगी मे काफ़ी बदलाव आया है। बचपन में ही पिता का साया सिर से उठ गया और उनकी माताजी भी अति वृद्ध हैं, जो उम्र और कमजोरी के कारण स्वयं सहारे की मोहताज हैं।आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि वर्षों तक वे एक कच्चे और जर्जर मकान में रहने को मजबूर थे। बरसात के दिनों में छत से टपकता पानी, ठंडी रातों में टूटती दीवारों से आती हवा, और गर्मी के मौसम में तपता हुआ घर यही उनकी जिंदगी की सच्चाई थी। हर मौसम उनके लिए एक नई परीक्षा लेकर आता था। रातों को कई बार यह डर सताता था कि कहीं कमजोर दीवारें ढह न जाएं। अपनी इस हालत को देखकर परस कमार का मन बार-बार टूट जाता था, लेकिन गरीबी के आगे वे बेबस थे।

एक पक्के और सुरक्षित घर का सपना उनके लिए किसी दूर के सपने जैसा था, जिसे पूरा करना लगभग असंभव लग रहा था। लेकिन प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना ने उनके जीवन में उम्मीद की एक नई किरण जगाई। जिला पंचायत के सतत मार्गदर्शन, जनपद पंचायत कसडोल के सहयोग एवं ग्राम पंचायत के प्रयासों से विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग से होने के कारण उन्हें योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृत हुआ। आवास निर्माण कार्य समय पर प्रारंभ हुआ और धीरे-धीरे उनका सपना आकार लेने लगा।साथ ही, मनरेगा अंतर्गत 90 मानव दिवस की मजदूरी राशि भी अभिसरण के माध्यम से उन्हें प्राप्त हुई, जिससे आवास निर्माण में आर्थिक सहयोग मिला। इस राशि ने उनके लिए निर्माण कार्य को और आसान बनाया तथा आत्मनिर्भरता का संबल प्रदान किया।

प्रशासनिक प्रयास से आसान हुई राह

परस कमार का पक्का मकान बनकर तैयार है। अब सुरक्षित छत के नीचे सुकून की सांस ले रहे हैं। बरसात की चिंता नहीं, ठंड की रातों का डर नहीं और गर्मी की तपिश का भय नहीं अब उनके जीवन में सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास है। यह घर केवल ईंट और सीमेंट से बना मकान नहीं, बल्कि उनके संघर्षों पर मिली सबसे बड़ी जीत है। अपनी आंखों में खुशी के आंसू लिए परस कमार कहते हैं-"मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे जैसे गरीब और दिव्यांग व्यक्ति को भी पक्का घर मिलेगा। इस सुरक्षित पक्का घर में देखकर लगता है जैसे भगवान ने मेरी सबसे बड़ी इच्छा पूरी कर दी। अब हमें डर नहीं लगता, अब हमें लगता है कि हमारा भी इस दुनिया में एक सम्मानजनक ठिकाना मिल गया है।

गणेशोत्सव को लेकर पुलिस अलर्ट पंडालों और बाजारों में बढ़ाई गश्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

गणेशोत्सव पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस अलर्ट मोड पर है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है।

प्रमुख गणेश पंडालों, बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की लगातार तैनाती की गई है। पुलिस टीमों द्वारा भीड़भाड़ वाले बाजारों, व्यावसायिक क्षेत्रों और प्रमुख मार्गों पर पैदल गश्त की जा रही है। वहीं डायल-112 एवं स्थानीय पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ियां दिन-रात क्षेत्रों में भ्रमण कर रही हैं। संदिग्ध व्यक्तियों, असामाजिक तत्वों और दोपहिया वाहनों की आकस्मिक जांच भी की जा रही है। पुलिस द्वारा प्रमुख पंडालों एवं संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ सीसीटीवी कैमरों और पुलिस सूचना तंत्र के माध्यम से गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने गणेशोत्सव समितियों और नागरिकों से पंडालों में व्यवस्था बनाए रखने, यातायात नियमों का पालन करने तथा किसी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तत्काल निकटतम थाने अथवा डायल-112 को देने की अपील की है।

विद्यालय वटगन में हुई भाषण व चित्रकला प्रतियोगिता, सलिना और चंचल ने मारी बाजी



भवानीपुर। सेवा संकल्प अभियान के द्वितीय दिवस भाजपा मंडल रोहांसी के तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वटगन में भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं कला संकाय की सलिना खरे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की चांदनी यदु ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसी तरह चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं की चंचल ध्रुव ने प्रथम तथा पावनी वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल रोहांसी के महामंत्री एवं जनपद पंचायत पलारी के सभापति उमेश यदु ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य और आयोजन के संबंध में जानकारी दी।

कार्यक्रम में सरपंच बाबूलाल बंजारे, अध्यक्ष फिलेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष दामिनी कन्नौजे, संस्था प्रमुख बी.एल. ढीढी, एम.के. वैष्णव, टी.के. साहू, रेखा वर्मा, शगुन सोनी, सुशीला जांगड़े, सीमा कन्नौजे, प्रीति, श्वेता, रेणुका, ज्ञानेश्वर प्रसाद पाठक, मुरली सोनकेवट सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

तिल्दा पंचायत में कृषक संगोष्ठी का आयोजन

बगबुड़ा। कृषि विभाग द्वारा ग्राम पंचायत तिल्दा में एक्सटेंशन रिफॉर्म्स (आत्मा) योजनांतर्गत कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में क्षेत्र के किसानों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान किसानों को कृषि से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई। कृषि विभाग के अधिकारियों एवं संबंधित विशेषज्ञों द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, बेहतर उत्पादन तथा विभागीय योजनाओं से मिलने वाले लाभों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर उपस्थित किसानों ने कृषि संबंधी अपनी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं को अधिकारियों के समक्ष रखा, जिनका समाधान एवं आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नवीन कृषि तकनीकों एवं योजनाओं की जानकारी देकर कृषि कार्य को अधिक लाभदायक बनाना रहा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से दीनबंधु घृतलहरे सरपंच, शिव





वर्मा जनपद सदस्य,जयइंद्र कंवर, लोकनाथ दीवान, डॉ सागर आनंद पाण्डेय, डॉ. स्वाति ठाकुर मिर्झा, ए एस कनेरिया, डॉ. अर्चना टंडन, डॉ सुषमा श्रीवास, निखिलेश घृतलहरे, रामनारायण यादव, भूपेंद्र टंडन, सोमेश्वर लहरे, चुम्मन भास्कर, मिथिलेश लहरे, ताराचंद कठोट्रे, सुरेन्द्र कुमार बघेल, मनोज कुमार, संतोष घृतलहरे, किसान, महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

घरों से लेकर सार्वजनिक पंडालों तक विराजित हुए विघ्नहर्ता





भवानीपुर। गणेश उत्सव को लेकर भवानीपुर अंचल में इन दिनों श्रद्धा, उत्साह और उमंग का माहौल बना हुआ है। भवानीपुर सहित सिसदेवरी, बम्हनी, चरौदा, मोहान, धौराभाटा, हरिनभट्ठा, लटेरा, रिवाडीह, मलपुरी, गिद्धपुरी, खपरी, भरूवाडीह, सहाड़ा, तमोरी सहित आसपास के गांवों में जगह-जगह भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। घरों से लेकर सार्वजनिक पंडालों तक गणपति बप्पा विराजमान हैं और श्रद्धालु पूरी भक्ति भाव से पूजा-अर्चना में जुटे हुए हैं।गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही विभिन्न स्थानों पर प्रतिदिन सुबह और शाम आरती, पूजा-अर्चना सहित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समितियों के सदस्य पंडालों की सजावट से लेकर पूजा व्यवस्था और विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों में जुटे हुए हैं। गणेश उत्सव ने पूरे भवानीपुर अंचल को एक साथ भक्ति और उत्सव के रंग में रंग दिया है। जगह-जगह सजे पंडाल और गूंजते गणपति बप्पा के जयकारे लोगों के बीच उत्साह का संचार कर रहे हैं।

प्रदेश पंचायत सचिव संघ ने की उप संचालक सिन्हा से मुलाकात



अर्जुनी। प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उपसंचालक पंचायत गीत कुमार सिन्हा से मुलाकात की। इस दौरान संघ ने विभाग से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान संघ के प्रतिनिधियों ने पंचायत सचिवों की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से भी उप संचालक को अवगत कराया। मुलाकात के दौरान प्रसेन्न सिंह भट्ट, हरिकिशन वर्मा, बालाराम वर्मा,अग्निकुमार निर्मलकर, सुरेश देवांगन, चूड़ामणि साहू, नरेंद्र चंद्राकर, कामता प्रसाद साहू, थानेश्वर साहू, कमलेश साहू, पवन कुमार साहू, उत्तम कुमार टंडन आदि मौजूद थे।

576 दीपों से जगमगाया मुड़पार का आनंद धाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर आनंद धाम महादेव घाट मुड़पार स्थित गणेश पूजा पंडाल में गुरुवार शाम सेवा, संकल्प और सुशासन की थीम पर विशेष आयोजन किया गया। स्थानीय युवाओं और ग्रामवासियों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। आयोजन के दौरान पंडाल के सामने 576 मिट्टी के दीयों से '76वां वर्ष' लिखा गया। जैसे ही दीये प्रज्वलित किए गए, पूरा परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा।कार्यक्रम के समापन पर भारत माता की जय के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष नरेंद्र डडसेना, कोषाध्यक्ष रामकुमार पैकरा, सचिव मलेच्छ चौहान, संरक्षक शंकर लाल ध्रुव, संतोष पैकरा, धन सिंह, मुन्ना लाल, लखन लाल डडसेना, ओम प्रकाश, सुदामा प्रसाद कैवर्त्य, पूर्वेस, प्रिंस, मुकेश कैवर्त्य, पीयूष सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, युवा साथी एवं माता-बहनें उपस्थित रहीं।

सेवा संकल्प अभियान का आगाज, 81 दीपों से जगमगाया परिसर



सिमगा। राष्ट्रव्यापी जनसंपर्क और जनसेवा कार्यक्रम जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 17 अक्टूबर तक एक महीने सेवा संकल्प अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। प्रथम दिवस में विकास खंड सिमगा अंतर्गत संकुल केन्द्र चौरेंगा के प्राथमिक शाला चौरेंगा में आशीर्वाद के 81 दीयों का प्रज्जवलन किया गया। प्रधान पाठक मनीराम साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण जन दीये लेकर पहुँचे हुये थे। दीप प्रज्ज्वलन का शुभांरभ संयुक्त रूप से चौरेंगा के सरपंच विलियम धृतलहरे उप सरपंच अभिलाष दास वर्मा और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विश्राम साहू, सहित पंच प्रकाश वर्मा, पंचम वर्मा, देवेन्द्र वर्मा एवं तिलेश्वरी निर्मलकर ने भारत माता के जयघोष के साथ किये। उन्होनें आगे बताया कि एक महीने के सभी दिवसों में अलग-अलग चरणों अलग-अलग कार्यक्रम निर्धारित किये गये हैं। जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

पेज 9 के शेष

शीतला माई मंदिर...

की। 16 सितंबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने चूड़ी मार्केट के पास एक दुकान के पीछे लावारिस हालत में पड़ी चोरी की गई स्टील की दानपेटी बरामद की। दानपेटी खुली और खाली मिली। संदेह के आधार पर एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के अनुसार पूछताछ में बालक ने एक अन्य साथी के साथ मिलकर मंदिर का ताला तोड़कर दानपेटी चोरी करना स्वीकार किया। उसके कब्जे से चोरी की रकम में से 3 हजार रुपए नकद बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में की गई कार्रवाई के बाद विधि से संघर्षरत बालक को 17 सितंबर को वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर किशोर न्याय बोर्ड, बलौदाबाजार के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बोर्ड के आदेशानुसार उसे बाल सम्प्रेषण गृह भेज दिया गया है। मामले में शामिल अन्य आरोपी की तलाश जारी है तथा प्रकरण की विवेचना जारी है।


सर्व आदिवासी दिवस...

विधायक डॉ. केके ध्रुव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, जनपद अध्यक्ष कुसुम पैकरा सहित समाज एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन में आदिवासी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता को मजबूत करने तथा नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सात गुमटियों पर...

जल्द हटाया जाएगा। तहसीलदार बघेल ने यह भी कहा था कि अतिक्रमण करने वाला व्यक्ति कितना भी रसूखदार क्यों न हो, अवैध कब्जे पर कार्रवाई की जाएगी।इसके बाद शुक्रवार को जब प्रशासन का बुलडोजर निकला तो लोगों को उम्मीद थी कि अग्रसेन चौक के सामने खड़ी की गई कथित अवैध दीवारों पर कार्रवाई होगी। लेकिन बुलडोजर उन गुमटियों तक पहुंच गया, जहां छोटे दुकानदार अपना रोजगार कर रहे थे। देखते ही देखते सात गुमटियों को हटा दिया गया। कार्रवाई के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं दीं। लोगों का सवाल था कि यदि कार्रवाई अतिक्रमण के खिलाफ है तो बड़े और छोटे अतिक्रमणकारियों के लिए अलग-अलग मापदंड क्यों दिखाई दे रहे हैं? लोगों ने अधिकारियों से यह भी सवाल किया कि तीन दिन पहले जिस कथित रसूखदार अतिक्रमण को हटाने की बात कही गई थी, वहां अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई। वहीं, गुमटी संचालकों को लेकर स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि उन्होंने लंबे समय से वहां दुकानें लगा रखी थीं। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि गुमटियां लगाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को कथित रूप से पैसे दिए गए थे। हालांकि इस आरोप की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

कराटे में संभाग स्तर पर जीत राज्य स्तरीय के लिए चयन



भरुवाडीह। दाऊ खुमान सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुमा की कक्षा 11वीं की होनहार छात्रा राखी यदु ने कराटे प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की है। बसना, जिला महासमुंद में आयोजित संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने के बाद राखी का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राखी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। ग्रामीण क्षेत्र की छात्रा द्वारा कराटे में संभाग स्तर पर सफलता हासिल कर राज्य स्तर के लिए चयनित होना विद्यालय एवं क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उनकी उपलब्धि से विद्यालय परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाओं, पालकों और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

पार्षदों ने नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू का गजमाला से किया सम्मान

नपा भवन व बस स्टैंड के लिए राशि की स्वीकृति पर नपाध्यक्ष का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



महासमुंद नगर पालिका के बजट सत्र 2025-26 एवं 2026-27 में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा शहर की आवश्यकता को देखते हुए नवीन बस स्टैंड एवं नवीन नगरपालिका भवन के निर्माण का प्रस्ताव प्रमुखता से रखा गया था। इन महत्वपूर्ण प्रस्तावों को अब स्वीकृति मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष साहू का पार्षदों एवं नगर पालिका परिवार द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। नवीन बस स्टैंड के लिए 6.50 करोड़ रुपए तथा नवीन नगर पालिका भवन के लिए 3.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिलने पर पार्षदों ने अध्यक्ष निखिलकांत साहू के प्रयासों की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। स्वीकृति की खुशी में अध्यक्ष का गजमाला एवं नगर पालिका पहुंचने पर आतिशबाजी कर जोरदार स्वागत किया गया। पार्षदों ने कहा कि बजट सत्र में अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा दोनों महत्वपूर्ण परियोजनाओं को प्राथमिकता के साथ सामने रखा गया था। लगातार किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप अब इन परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है। यह महासमुंद शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। 6.50 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला नवीन बस स्टैंड शहर की प्रमुख आवश्यकताओं में शामिल रहा है। आधुनिक एवं व्यवस्थित बस स्टैंड के निर्माण से यात्रियों, बस संचालकों और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य होगा। वहीं 3.50 करोड़ रुपए की लागत से नवीन नगर पालिका भवन का निर्माण किया जाएगा। जिससे नगर पालिका के प्रशासनिक कार्यों के लिए बेहतर एवं सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध होगी।

खबर संक्षेप



छड़िया समिति में किसानों ने जलाए दीप

खरोरा। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति छड़िया में 17 सितंबर की शाम बाबा विश्वकर्मा जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समिति सदस्यों एवं किसानों ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के 25 वर्ष की जनसेवा यात्रा के सम्मान में सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष नकुल राम वर्मा सहित संतोष वर्मा, करण नेताम, ओमप्रकाश साहू, मंशाराम, मोहन वर्मा, धनेश्वर देवांगन समेत समिति सदस्य एवं कृषकगण उपस्थित रहे।

1511 हितग्राहियों के खाते में डेढ़ करोड़ से अधिक राशि अंतरित

बलौदाबाजार। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में रायपुर स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा, इंडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय श्रमिक महासम्मेलन आयोजित किया गया। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा से लगभग 300 श्रमिक महासम्मेलन में शामिल हुए। महासम्मेलन में इस जिले के कुल 1511 हितग्राहियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत उनके खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से 1 करोड़ 51 लाख 37 हजार 138 रूपये स्थानांतरित किया गया। इस अवसर पर जिले के सहायक श्रम पदाधिकारी सूरज कुमार, श्रम उप निरीक्षक कोमल सिंह मरावी, अभय दुबे, श्रम कल्याण अधिकारी सत्यनारायण अनंत, विरेन्द्र बोइरबंश एवं इस जिले से 300 श्रमिक शामिल हुए।

निधन

भाग बाई सायतोडे

बगबुड़ा। खम्हरिया लवन निवासी भाग बाई सायतोडे 58 वर्ष का 17 सितंबर निधन हो गया। उनके



निधन की खबर से परिजनों एवं परिचितों में शोक व्यक्त किया। उनका अंतिम संस्कार 18 सितंबर, शुक्रवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सचिन आकाश एवं सरिता की माता थीं। अंतिम संस्कार में परिजन, रिश्तेदार एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मनीष शर्मा

बलौदाबाजार। साहू बाड़ा, मां षष्ठी मंदिर के पीछे निवासी मनीष शर्मा (53) का लंबे समय से बीमारी से जूझने के बाद निधन हो गया। उनके निधन से परिजनों एवं परिचितों में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को बलौदाबाजार के रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, रिश्तेदार एवं परिचित शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।
वे अपने पीछे पत्नी संध्या शर्मा तथा पुत्री जिया एवं अक्षांशा तिवारी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

लक्ष्मी तिवारी

बलौदाबाजार। नगर निवासी लक्ष्मी तिवारी 84 का शुक्रवार शाम निधन हो गया। उनके निधन से परिजनों एवं शुभचिंतकों में शोक व्यक्त किया। वे स्व. अंजनी कुमार



तिवारी, नारायण प्रसाद तिवारी एवं सुनील कुमार तिवारी (कुत्तनु महाराज) की माताजी थीं। वे श्वेता, गोलू, अंजली, उमंग एवं उज्ज्वल की दादी थीं। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार सुबह 10 बजे निज निवास, चेतन मिल गली के पास से निकलेगी। अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में किया जाएगा।

आयोजन : दीपों की रोशनी से जगमगाया आत्मानंद विद्यालय

ज्ञान, विद्या, संस्कार, सेवा और संकल्प का संगम, बच्चों ने जलाया आशीर्वाद का दीया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर पूरे देश में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भटगांव में एक भव्य और प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय में ज्ञान, विद्या, संस्कार, सेवा और संकल्प विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में समस्त शिक्षकों और सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने एक साथ दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन और देश की उन्नति के लिए प्रार्थना की। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रार्थना सभा स्थल पर हुई। प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के अवसर को यादगार बनाने के लिए विद्यालय परिसर को फूलों और आकर्षक रंगोली से सजाया गया था। कार्यक्रम स्थल के बीच में भारत माता और माँ सरस्वती की तस्वीर लगाई गई थी। बच्चों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी जयकारे लगाए। कक्षा 10वीं की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना और देशभक्ति गीतों ने सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जायसवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने बच्चों को संकल्प दिलाया कि वे रोज अपने माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करेंगे, अपने विद्यालय को स्वच्छ रखेंगे और खूब मन लगाकर पढ़ाई करेंगे। इस संकल्प को पूरा करने में आप सभी छात्रों की सबसे बड़ी भूमिका होगी। जब आप अच्छे से पढ़-लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, अधिकारी बनेंगे, तभी हमारा देश विकसित बनेगा।

उन्होंने कहा कि ज्ञान और विद्या से बड़ा कोई धन नहीं है। संस्कार ही हमें अच्छा इंसान बनाते हैं और सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इसलिए हमें इन पांचों - ज्ञान, विद्या, संस्कार, सेवा और संकल्प को अपने जीवन में उतारना चाहिए। माता-पिता और गुरुजनों का सदैव सम्मान करेंगे, हम अपने विद्यालय और अपने गांव को स्वच्छ रखेंगे, हम नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे और हम 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने में अपना योगदान देंगे। पालकों ने भी विद्यालय प्रबंधन की इस पहल की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के संस्कारपरक कार्यक्रमों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

ईल्दा स्कूल में जगमगाए दीप



खरोरा। राज्य शासन द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा एवं संकल्प अभियान 2026 के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को हाई स्कूल ईल्दा में 'हर घर में एक दीप जले, विकास के नाम' संदेश के साथ दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं श्रद्धा के साथ किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीणों ने भी अपने घरों एवं कार्यालयों में दीप जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सरपंच धनेश साहू ने कहा कि सेवा समर्पण एवं अंत्योदय के मंत्र के साथ देश को नई दिशा देने का कार्य किया है।

विद्यालय की प्राचार्य चांदनी यदुवंशी ने कहा कि सुशासन एवं राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 25 वर्ष पूरे करने का यह अवसर सेवा और संकल्प की भावना को मजबूत करने का संदेश देता है।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलित किए गए, जिससे पूरा परिसर प्रकाशमय हो उठा।

कार्यक्रम में सरपंच धनेश साहू, शाला समिति अध्यक्ष ईश्वरी साहू, प्राथमिक शाला अध्यक्ष चरण साहू, रमेश साहू, डोमार साहू, गंगा साहू, कुंती साहू सहित गांव के पालकगण, माताएं, विद्यार्थी एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

जन्मदिन पर स्टेशन चौक से पुरानी बस्ती तक सजा दीपोत्सव



तिल्दा-नेवरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर तिल्दा-नेवरा शहर सहित आसपास के गांवों में दीपोत्सव और सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान लोगों ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। शाम करीब 6:30 बजे के बाद शहर में दीप प्रज्वलित करने का सिलसिला शुरू हुआ। घरों के साथ मंदिरों, चौक-चौराहों और गुरुद्वारों में भी दीप जलाए गए। तिल्दा शहर में साहोली स्टेशन चौक, हेमू कालानी चौक, अग्रसेन चौक सहित विभिन्न स्थानों से लेकर पुरानी बस्ती तक दीपों से जगमगाता नजर आया। कई स्थानों पर लोगों ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर जन्मदिन को सेवा और शुभकामना के संकल्प के रूप में मनाया। आयोजकों के अनुसार तिल्दा शहर में 11 हजार से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किए गए, जबकि पूरे तिल्दा ब्लॉक में करीब 51 हजार दीप जलाए गए।

मोहदा मंदिर में दीपों का विहंगम नजारा

तिल्दा-नेवरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार शाम शहर के साथ-साथ गांवों में भी दीपों की रोशनी बिखरी। इसी कड़ी में ग्राम मोहदा में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति शैल महेंद्र साहू की उपस्थिति में मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए दीप प्रज्वलित किए। निर्धारित समय शाम 7 बजे मोहदा के मंदिर प्रांगण में महज तीन मिनट के भीतर 251 आशीर्वाद के दीप प्रज्वलित किए गए। दीपों से जगमगाते मंदिर परिसर का नजारा आकर्षक रहा। महिलाओं, किसानों, मजदूरों और जरूरतमंद परिवारों के लिए केंद्र सरकार की अनेक योजनाएं संचालित हो रही हैं। कार्यक्रम में महेंद्र साहू, टीकम वर्मा, तरुण वर्मा, रेखा प्रहलाद, सरपंच सनत चौहान, भूखिन धीवर, मोतिम साहू, प्रकाश वर्मा, श्रीधर वर्मा, फानेंद्र भूषण वर्मा, शरद ठाकुर, महेंद्र जेठी, दुखित निर्मलकर, मीना वर्मा, गीता वर्मा, उत्तरा वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



आशीर्वाद के दीये से नगर व अंचल जगमगाया

सिमगा। भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन एवं उनके सेवा संकल्प सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर को नगर आशीर्वाद का दीये प्रज्ज्वलित किए गए। इसमें सरोपी तालाब, नगरपालिका कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, थाना, अटल चौक, जय स्त्रतंभ चौक, नया बस स्टैंड, शहीद स्मारक, सहित सभी गणेश पंडालों एवं कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा, तुलसी, कामता, लिमतरा, ढेकुना बनसांकरा, चंदेरी, बछैरा, चौरेंगा, रांझा, पौंसरी, बिनैका सहित आदि ग्रामों में दीप जलाये गए। कार्यक्रम में भाजपाइयों के साथ ही आम जनमानस एवं प्रशासनिक



अधिकारियों ने भी अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में भाजपा नेता अनिल पांडेय, महामंत्री छोटू यादव, राहुल, योगेश साहू, धीरज जैन, पार्षद सचिन जैन, मुकंद रजक, प्रियंका, अनूप तिवारी, मनीषा, माया, सलूजा पितांबर सोनकर, विष्णु जायसवाल, एल्डरमैन अभिजीत अवस्थी, परस पाटकर, राजेश सिंह, प्रशांत देवांगन, रूखमणी साहू, नीरज शर्मा, हेमलाल कुर्रे, नकुल रजक, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा नेता हेमसिंह चौहान कमलेश साहू रोहित साहू विजय प्रकाश साहू आदि ने एक दीया आशीर्वाद के कार्यक्रम में शामिल हुए।

1000 दीप प्रज्ज्वलित, गोमाता को खिलाई लोंदी

पलारी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस सेवा सप्ताह और समर्पण के रूप में मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत बिनौरी में 1000, दीप प्रज्वलन कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर गौमाता को नहलाकर आटा की लोंदी खिलाई गई।

सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू ने कहा कि गोमाता में 333 कोरी देवता विराजमान हैं तथा गोसेवा ही नारायण सेवा है,उन्होंने इस पावन अवसर पर देश की प्रगति, विकास और उज्ज्वल भविष्य के लिए एक दीप आशा का, एक दीप संकल्प का और एक दीप राष्ट्र के नाम प्रज्वलित किया गया है उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण हमारा



संकल्प है और हमारे योगदान सहभागिता है। इस अवसर पर पूर्व युवा मोर्चा मंडल पलारी के पूर्व अध्यक्ष एवं सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू, सचिव हरीश डडसेना, अजा मोर्चा के मंडल पलारी के मंत्री पीकेन्द्र साय, पंचगण बुधारू राम साहू, बालाराम साहू, भारत सेन, रोजगार सहायक रामकुमार निराला,संतोष कुमार साहू, मनीराम यादव, डॉ, अजय साहू, शेषनारायण यादव, जयंत बंजारे, खिलेन्द्र कुर्रे, छोटू साहू, विकास साहू, हरिचन्द्र साहू, गेंदूराम साहू व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

बच्चों ने चित्रों और भाषण से बताया सपनों का भारत

रवान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय भरसेला बड़ा में सेवा संकल्प अभियान के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर में दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

इसी क्रम में 18 सितंबर को 'बच्चों के सपनों का भारत', स्वच्छ भारत, नक्सलवाद, आज का कश्मीर और सेना का शौर्य जैसे विषयों पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाओं और विचारों को भाषण तथा चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया।



विद्यालय के प्रधान पाठक डॉ. कमलेश कुमार सेन ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत सेवा, जनजागरण एवं जनभागीदारी से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 17 से 27 सितंबर तक 'सेवा संकल्प' के माध्यम से स्वच्छ एवं समृद्ध भारत के निर्माण में पालकों को सहभागी बनाया जाएगा। साथ ही ग्रामीण अंचल में प्रधानमंत्री के सपनों के भारत की संकल्पना को विद्यार्थियों और पालकों की सहभागिता से आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

संकुल प्राचार्य फलैन वर्मा एवं संकुल समन्वयक अमित अवस्थी के मार्गदर्शन में विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा।



नवरात्रि के लिए डोंगरी मंदिर में बैठक आज

भवानीपुर। नवरात्रि पर्व की तैयारियों को लेकर मां डोंगर देवी मंदिर प्रांगण में आज दोपहर 1 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में नवरात्रि पर्व के दौरान मंदिर में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों, व्यवस्थाओं एवं आवश्यक तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में मंदिर समिति के सदस्यों के साथ ही ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए पूजा-अर्चना, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किए जाने की संभावना है।

नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा का जन्मदिन सादगी के साथ मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा का जन्मदिन शुक्रवार को धार्मिक आस्था, सामाजिक संवाद, मुलाकातों और शुभचिंतकों के बीच मनाया गया। जन्मदिन की शुरुआत नारायणी नवल धाम एवं गायत्री शक्तिपीठ में दर्शन-पूजन से हुई। इसके बाद उन्हें विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, पत्रकारों, युवाओं एवं शुभचिंतकों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। उन्होंने शाम को विभिन्न गणपति पंडालों में पहुंचकर भगवान गणेश के दर्शन-पूजन किए और युवा साथियों और शुभचिंतकों के साथ केक काटा। नारायणी नवल धाम, गायत्री शक्तिपीठ, संकट मोचन हनुमान मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, तरेंगा के महामाया मंदिर, भाटापारा के ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। खेल से जुड़े संगठनों और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने उपस्थित होकर अश्वनी शर्मा को बधाई दी। इस बीच श्री शर्मा नगर पालिका पहुंचे, जहां कर्मचारियों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। स्टेशन वार्ड, कृष्ण सिटी, रेलवे कॉलोनी, कुनबी समाज भवन, उज्ज्वल वसुंधरा समाज सेवी संस्थान, नारायण हाइट्स, सदर वार्ड एवं फिल्टर प्लांट मंदिरों, विश्वकर्मा और गणपति पंडालों में पहुंचकर भगवान गणेश के दर्शन-पूजन किए।



खबर संक्षेप



राधा अष्टमी आज, मंदिरों में गूंजेंगे भजन

तिल्दा-नेवरा। भाद्रपद शुक्ल अष्टमी के अवसर पर शनिवार 19 सितंबर को राधा अष्टमी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। राधा रानी के प्राकट्योत्सव को लेकर शहर के कृष्ण एवं राधा-कृष्ण मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, झांकी, भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। उदय तिथि के अनुसार वैष्णव एवं सनातन धर्मावलंबी राधा अष्टमी का व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अनुष्ठान करेंगे। नेवरा स्थित कृष्ण मंदिर में राधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा की जाएगी। पूजा एवं आरती के बाद श्रद्धालुओं को 56 भोग का प्रसाद वितरित किया जाएगा। मंदिर में राधा रानी के प्राकट्योत्सव को लेकर विशेष सजावट और धार्मिक आयोजन भी किए जाएंगे। इसी तरह स्टेशन रोड स्थित केसरवानी मोहल्ले के श्री राधा-कृष्ण मंदिर में राधा अष्टमी पर विशेष उत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद राधा रानी की महाआरती तथा पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। वहीं झूलेलाल मंदिर परिसर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में भी राधा अष्टमी के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

शिक्षक विनोद ने किया 17वीं बार रक्तदान

बिलाईगढ़। सेवा संकल्प अभियान के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज 17 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलाईगढ़ में सेवा संकल्प रक्त दान अभियान कार्यक्रम के तहत शासकीय प्राथमिक विद्यालय बांसउरकुली बिलाईगढ़ के प्रधान पाठक विनोद कुमार डडसेना ने अपने जीवन में अब तक 17 वी बार रक्त दान किया। उन्होंने ने बताया कि आज के दिन मेरे लिए खास व अविस्मरणीय रहेगा क्योंकि आज की तारीख 17 सितंबर है और मेरे द्वारा 17वी बार रक्त दान करना दोनों एक संयोग है। कार्यक्रम में विकसित भारत 2047 की परिकल्पना पर प्रकाश डाला गया।



दिव्यांगजन निःशुल्क सहायक उपकरण मूल्यांकन शिविर 21 को

बलौदाबाजार। जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों को सहायक निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर एडिप योजनांतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को टीम के द्वारा 21 सितम्बर नगर भवन भाटापारा मे आयोजित की जाएगी। शिविर मे दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण एडकृत्रिम अंग, कैलिपर्स, ट्रायसायकल, व्हीलचेयर, मोट्राईज्ड ट्रायसायकल का चिन्हांकन एवं मूल्याकंन किया जाएगा। शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक नगर भवन भाटापारा में रखा गया है।

जगह-जगह दीपों की रोशनी दिखाई दी, सेवा, संकल्प और आशीर्वाद के दीप जलाए गए

मोदी के जन्मदिवस पर लाखों दीपों से जगमगाया अंचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उनके 25 साल के सेवा संकल्प एवं आशीर्वाद अभियान के तहत भवानीपुर अंचल में आशीर्वाद के दीये जलाए गए। अभियान के अंतर्गत भवानीपुर सहित आसपास के विभिन्न ग्रामों में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। शाम होते ही गांवों में जगह-जगह दीपों की रोशनी दिखाई दी और पूरा अंचल जगमगा उठा।

भवानीपुर के साथ ही सिसदेवरी, बम्हनी, चरौदा, मोहन, धौराभाटा, हरीनभट्ठा, लटेरा, रिवाडीह, मलपुरी, गिद्धपुरी, खपरी, भरूवाडीह, सहाड़ा और तमोरी सहित विभिन्न ग्रामों में पंचायत भवन, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं ग्रामीणों के घरों में आशीर्वाद के दीये जलाए गए।

आयोजकों के अनुसार शासन प्रशासन एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग से पूरे पलारी क्षेत्र में करीब तीन लाख दीये जलाए गए। दीप प्रज्वलन के दौरान ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोहासी मंडल अध्यक्ष विजय कोसले ने कहा कि आशीर्वाद का दीया केवल रोशनी का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह विकास, सेवा और सामाजिक एकता का संदेश भी देता है। पलारी क्षेत्र में तीन लाख दीये जलना यहां के लोगों की संगठन और सेवा भावना को दर्शाता है।

कार्यक्रम के दौरान भवानीपुर सरपंच प्रेमीन लहरे, उपसरपंच फागू राम सेन, सचिव नरेंद्र चंद्राकर, मुखी राम साहू, मदन लाल साहू, मोकेश चंद्राकर, शकुंतला साहू, ममता साहू, रोहित साहू, दिलेश्वरी ध्रुव, जगदीश लहरे, अशोक निषाद, दुर्गा आडिल, डूर्गेश्वर ध्रुव सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



बच्चों ने चित्रों और भाषण से बताया सपनों का भारत

हरिभूमि न्यूज रवान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय भरसेला बड़ा में सेवा संकल्प अभियान के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।इसी क्रम में 18 सितंबर को 'बच्चों के सपनों का भारत', स्वच्छ भारत, नक्सलवाद, आज का कश्मीर और सेना का शौर्य जैसे विषयों पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाओं और विचारों को भाषण तथा चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधान पाठक डॉ. कमलेश कुमार सेन ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत सेवा, जनजागरण एवं जनभागीदारी से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 17 से 27 सितंबर तक 'सेवा संकल्प' के माध्यम से स्वच्छ एवं समृद्ध भारत के निर्माण में पालकों को सहभागी बनाया जाएगा।संकुल प्राचार्य फलैन वर्मा एवं संकुल समन्वयक अमित अवस्थी के मार्गदर्शन में विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा।

सेवा, संकल्प और आशीर्वाद के दीपों से जगमगाया

सुहेला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर को देशभर में सेवा, संकल्प एवं आशीर्वाद की भावना के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में सिमगा जनपद पंचायत अध्यक्ष दौलत पाल ने ग्राम पंचायत नयापारा में ग्रामीणों के साथ मिलकर ग्राम पंचायत भवन परिसर में हजारों दीप प्रज्वलित किए। दीपों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई।जनपद अध्यक्ष दौलत पाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगभग 25 वर्ष के राजनीतिक जीवन के विभिन्न अध्यायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने किसानों, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास और जनकल्याण की दिशा में अनेक कार्य किए हैं। उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उनके उद्देश्यों की जानकारी भी दी।इसके बाद वे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुहेला पहुंचे। यहां जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय ग्रामीणों के साथ उन्होंने उपचाररत मरीजों को फल वितरित किए तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य समाज और जरूरतमंदों के प्रति जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति ईशान वैष्णव, ,करन वर्मा विधायक प्रतिनिधि ग्राम पंचायत नयापारा के सरपंच डोमार मारकंडे , मंडल महामंत्री युगल किशोर वर्मा रामकुमार साहू मानेश्वरी साहू उप सरपंच देवा धृतलहरे , गैंदु राम साहू डॉ धनीराम साहू बेनीराम साहू , अजय वर्मा, प्यारे लाल बघमार, उप सरपंच लोकनाथ वर्मा ,सचिव अमित वर्मा ,करारोपण अधिकारी राय, बुद्धेश्वर वर्मा, रुद्र नारायण तिवारी बूथ अध्यक्ष मालिक राम निषाद ,कौशल धनकर, हलधर शर्मा ,महिला समुह जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।





51 दीपों की रोशनी के साथ मनाया मोदी का जन्मदिन

बिलाईगढ़। सेवा संकल्प अभियान के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज शासकीय प्राथमिक शाला बांसउरकुली बिलाईगढ़ में आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में 51 दीये प्रज्ज्वलित कर विकसित भारत 2047 की परिकल्पना पर प्रकाश डाला गया। इसी के साथ माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। बच्चों और ग्रामीणों ने देश की सेवा और विकास में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ग्रामीणजन, विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

चिचिरदा स्कूल में सेवा संकल्प अभियान के तहत जलाए आशीर्वाद के दीप



मुंडा। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर चिचिरदा में सेवा संकल्प अभियान के तहत 'आशीर्वाद का दीप' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आकर्षक रंगोली के माध्यम से 'सेवा संकल्प 25' की आकृति बनाई गई, जिसे दीपों से सजाया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर जयघोष के साथ उत्सव मनाया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रमुख भीजराम वर्मा, नरदूराम पैकरा, प्रमोद कुमार यादव सहित विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक लता ध्रुव, प्यारेलाल बरेट, रमेश कुमार दीवान, पापूराम वर्मा, प्रेम कुमार पटेल, प्रभा वर्मा, देहुति दीवान एवं हरेंद्र कुमार साहू का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा।



महामाया मंदिर में 1001 दीप प्रज्वलित

हरिभूमि न्यूज करहीबाजार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर करही बाजार स्थित पावन महामाया मंदिर परिसर में 'आशीर्वाद का दीप' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 1001 दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्र सेवा के लिए मां महामाया, भगवान गणेश और सृष्टि के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा से मंगलकामना की गई।कार्यक्रम में अजर दास मानिकपुरी, मुकेश केशरवानी, राजेश पटेल, अरुण निषाद, सियाराम चक्रधारी, अशोक पटेल, सतिस पाल, अमरनाथ निषाद, जनता पटेल, अनजान ध्रुव, अमरदास मानिकपुरी, सुन्दर पाल, सौभना ध्रुव, दिनेश्वर पटेल, कृष्णदास मानिकपुरी, तेजराम यादव उपस्थित रहे।

धान खरीदी केंद्र में दीप प्रज्वलित कर मनाया जन्मदिवस

मुंडा। मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सहकारी समिति मुंडा स्थित धान खरीदी केंद्र में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान समिति परिसर में दीप जलाकर प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर शुभकामनाएं दी गईं तथा प्रसाद का वितरण किया गया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्कूलों के साथ-साथ गली-मोहल्लों में भी दीप प्रज्वलित कर सेवा एवं जनभागीदारी का संदेश दिया गया। सेवा सहकारी समिति मुंडा के मनोनीत अध्यक्ष गजानंद वर्मा, समिति प्रबंधक शेखर साहू, महेंद्र वर्मा, रामखिलावन वर्मा, सूमेर वर्मा, इंगम वर्मा, गोवर्धन वर्मा, चोवाराम, मनीष सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम में सहभागिता की।

मोदी के जन्मदिन पर दीपोत्सव





खरोरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर खरोरा में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के संकल्प को नमन करते हुए खरोरा के अटल परिसर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में सैकड़ों दीप प्रज्वलित कर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु की कामना की गई। इस दौरान पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन जनसेवा, सुशासन एवं राष्ट्रहित के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। aइस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रश्मि वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता सोनी, भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी विकास ठाकुर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमीत सेन, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, महामंत्री घनश्याम चंद्राकर, दिपक धनकर, छगन यादव, अधिकारी-कर्मचारी भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

नव केरला पब्लिक स्कूल में जलाए दीप



खरोरा। सेवा एवं संकल्प अभियान 2026 के तहत नव केरला पब्लिक स्कूल, खरोरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार शाम 6 बजे दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य, शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और दीप प्रज्वलित कर राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प लिया।कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य प्रेरणा शर्मा तथा शिक्षिकाएं शमीमा खान, शालू सिंह और वीणा निर्मलकर सहित विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर दीप प्रज्वलित किए और इस विशेष अवसर को उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया। इस दौरान राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने तथा सेवा और संकल्प की भावना को आत्मसात करने का संदेश दिया गया।

बच्चों ने उकेरी स्वच्छ एवं डिजिटल भारत की तस्वीर

खरोरा। सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में आज ड्राइंग एवं चित्रकला तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ड्राइंग एवं चित्रकला प्रतियोगिता का विषय "स्वच्छ भारत एवं डिजिटल इंडिया" रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति के माध्यम से स्वच्छ, सुंदर एवं डिजिटल भारत की परिकल्पना को चित्रों में उकेरा। बच्चों को प्रतियोगिता के लिए ड्राइंग शीट, कलर पेन एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। प्रतियोगिता के बाद विद्यार्थियों द्वारा तैयार उत्कृष्ट चित्रों की भव्य चित्रकला प्रदर्शनी एवं पुरस्कार वितरण कल 19 सितंबर को किया जाएगा तथा इसी अवसर पर न्योता भोज का भी आयोजन होगा।





विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि बच्चों की कल्पना में भविष्य के भारत की तस्वीर दिखाई देती है। स्वच्छ भारत और डिजिटल इंडिया जैसे विषयों के माध्यम से बच्चों को रचनात्मक अभिव्यक्ति के साथ राष्ट्र निर्माण की सोच से जोड़ना इस अभियान की सार्थक पहल है। आयोजन में विद्यालय के शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर एवं भारती तांती की सक्रिय सहभागिता रही, वहीं एनजीओ कार्यकर्ता चंद्रिका कोशले एवं कुसुमलता ने भी आयोजन की तैयारियों तथा विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।



अहंकार त्यागकर विनम्रता अपनाने का दिया संदेश

पर्यूषण के तीसरे दिन मनाया उत्तम मार्दव धर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जैन समाज के दस दिवसीय पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन शुक्रवार को उत्तम मार्दव धर्म श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान जिनेंद्र देव का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं धार्मिक प्रवचन हुआ। समाज के महिला-पुरुषों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

शांतिधारा का सौभाग्य महावीर प्रसाद, संदीप कुमार एवं सुजल काला परिवार को प्राप्त हुआ। प्रथम चार कलश अभिषेक का सौभाग्य दिनेश जैन, महेंद्र जैन, प्रवीण जैन एवं दिनेश-दीपांशु जैन परिवार को मिला। दस दिवसीय पूजन सामग्री के पुण्यार्जक शिखरचंद, सुभाष कुमार एवं संजय कुमार काला परिवार, गुवाहाटी-कोलकाता-बलौदाबाजार रहे।





प्रवचन में बताया गया कि उत्तम मार्दव धर्म मनुष्य को मान, अहंकार और अभिमान का त्याग कर विनम्रता, सरलता एवं सहजता अपनाने की प्रेरणा देता है। धन, पद, प्रतिष्ठा अथवा ज्ञान का अहंकार आत्मिक उन्नति में बाधक है। श्रद्धालुओं ने आत्मचिंतन करते हुए जीवन में नम्रता और सभी के प्रति सम्मान का भाव अपनाने का संकल्प लिया। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय वातावरण बना रहा।

